इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 26] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 29 जून 2018—आषाढ़ 8, शक 1940

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जून 2018

क्र. ई-5-958-आयएएस-लीव-5-(एक).—(1) श्री अनूप कुमार सिंह, भाप्रसे (2013), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, भिण्ड को दिनांक 30 मार्च से 28 अप्रैल 2018 तक, तीस दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 29 एवं 30 अप्रैल 2018 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में श्री अनूप कुमार सिंह, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अनूप कुमार सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2018.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 31 मई 2018

क्र. एफ 1(बी)35-17-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2015 के माध्यम से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर के पत्र क्र. 6642-59-2016-चयन, दिनांक 21 जुलाई 2017 द्वारा उप पुलिस अधीक्षक के पद पर चयन उपरान्त नियुक्ति हेतु अनुशंसित मुख्य सूची के स. क्र. 22 पर चयनित अभ्यर्थी की उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्ति संबंधी दावा उनके नाम के सम्मुख कॉलम (6) में अंकित कारणों के आधार पर सदैव के लिये समाप्त मान्य किया जाता है:—

स. क्र. (1)	मैरिट क्र./अनुक्रमांक (2)	नाम (3)	सीट (4)	श्रेणी (5)	नियुक्ति का दावा समाप्त करने का कारण (6)
1	22/104719	श्री राजेश लिल्हारे	OBC	OBC	पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल, विशेष शाखा के पत्र दिनांक 13 अप्रैल 2018 के माध्यम से प्राप्त श्री राजेश लिल्हारे के चरित्र सत्यापन के संबंध में छानबीन समिति द्वारा श्री राजेश लिल्हारे को पुलिस सेवा के लिये अयोग्य पाये जाने के निर्णय के आधार पर.

क्र. एफ 1 (बी)-35-17-बी-4-दो.—राज्य सेवा परीक्षा-2015 के माध्यम से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर के पत्र क्र. 6642-59-2016-चयन, दिनांक 21 जुलाई 2017 द्वारा उप पुलिस अधीक्षक के पद पर मुख्य सूची के स. क्र. 44 (अनुक्रमांक 138798) (अनुसूचित जन जाति-पुरुष) पर चयन उपरांत नियुक्ति हेतु अनुशंसित श्री प्रभात कुमार पट्टा, बिंझिया तिराहा, दिव्य ज्योति नर्सिंग होम के पीछे, मण्डला, मध्यप्रदेश 481661 के संबंध में कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें, जबलपुर संभाग जबलपुर के पत्र क्र. स.मे.बो.-17-9004, दिनांक 19 सितम्बर 2017 के साथ संलग्न प्राप्त स्वास्थ्य परीक्षण प्रतिवेदन में Partial colour blind अंकित होने के कारण अनफिट लेख किये जाने पर इनकी दिनांक 10 जनवरी 2018 को समक्ष में सुनवाई नियत की गई. सुनवाई में इनके द्वारा पुनः राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड से इनका स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने संबंधी आवेदन पत्र ग्राह्य किया जाकर इनका राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड से पुनः स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने का निर्णय लिया गया और समसंख्यक पत्र दिनांक 5 मई 2018 द्वारा इस हेतु संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड, संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें, सतपुड़ा भवन, भोपाल को लिखा गया.

(2) श्री प्रभात कुमार पट्टा द्वारा दिनांक 11 मई 2018 को आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर यह लेख किया गया कि उनका अन्य वरिष्ठ वर्ग/पद पर चयन हो जाने के कारण वे उप पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी उम्मीदवारी वापस ले रहे हैं.

(3) राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2000 के नियम-8 (2)(घ) में के अनुसार अभ्यर्थी चिकित्सकीय दृष्टि से योग्य (मेडिकली फिट) होना चाहिये और दृष्टि जांच (विजन टेस्ट) में अल्पदृष्टि नहीं होनी चाहिये, उसकी समस्त रंगों के प्रति स्पष्ट दृष्टि होनी चाहिये संबंधी प्रावधान के विपरीत श्री प्रभात कुमार पट्टा को Partial colour blind होने के कारण संभागीय मेडिकल बोर्ड द्वारा अनफिट लेख किये जाने एवं उपर्युक्त कंडिका-02 में उल्लेखित अनुसार उनके द्वारा उप पुलिस अधीक्षक के पद पर से उम्मीदवार वापस लिये संबंधी आवेदन-पत्र के आधार पर उप पुलिस अधीक्षक के पद पर मुख्य सूची से इनकी नियुक्ति संबंधी दावा सदैव के लिये समाप्त मान्य किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 13 जून 2018

क्र. एफ-1(ए)-176-1997-ब-2-दो.—राज्य शासन विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 27 अप्रैल 2018 को निरस्त करते हुए श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, होमगार्ड मध्यप्रदेश, जबलपुर को दिनांक 10 से 18 मई 2018 तक, नौ दिवस अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान करता है.

(2) आदेश की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

क्र. एफ 1(बी) 159-2016-(बी) 4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2014 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के लिये अनुपूरक सूची से चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600-39100+ ग्रेड पे 5400/- में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (4) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	05	श्री अंजुल अयंक मिश्रा, एच-76, वार्ड नं. 12, चनपुरियान टोला, ब्यौहारी, शहडोल मध्यप्रदेश-484774.	आगर
2	06	श्री नवीन तिवारी, एम.पी. बिरला हास्पिटल कैम्पस, फ्लेट नं. 07/02, तहसील रघुराज नगर, जिला सतना, मध्यप्रदेश 485005.	रीवा
3	07	श्री सतीश साहू, आत्मज श्री बलराम साहू, वार्ड नं. 06, साहू मोहल्ला, सहपुरा, जिला डिण्डौरी, मध्यप्रदेश-481990.	श्योपुर
4	16	श्री संजय कौच्छा, सातवीं मंजिल, वृत्त 12, चेतक चेम्बर, वाणिज्यकर विभाग, मधुमिलन चौराहा, इन्दौर, मध्यप्रदेश.	उज्जैन
5	17	श्री लोकेश डाबर, आत्मज श्री मोहन डाबर, शासकीय कॉलेज भवन के सामने, नवलपुरा, बड़वानी रोड, राजपुर, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश.	अलीराजपुर

(2) नवनियुक्त अधिकारी द्वारा आदेश प्राप्ति के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर उपर्युक्त कॉलम (4) में अंकित पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें एवं पदस्थापना स्थल से कार्यमुक्त होकर मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भौंरी, भोपाल में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हों. निर्धारित समयावधि में कार्यभार ग्रहण न करने अथवा प्रशिक्षण में उपस्थित न होने की स्थिति में नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

(3) उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारी को परिवीक्षा अवधि में संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम, आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा तथा प्रशिक्षण एवं समस्त विहित विभागीय परीक्षायें उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी.

(4) नवनियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 एवं मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2000 से शासित होंगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अंतर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(5) नवनियुक्त अधिकारी की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

(6) राज्य शासन के अधीन दिनांक 01 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(7) नियुक्त अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(8) परीवीक्षाधीन अधिकारियों द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक ''बाण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा की परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

(9) नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत हैं, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

(10) अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूलप्रति पदस्थापना संबंधी जिले के उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

(11) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की पूविष्टियॉ रोस्टर पंजी में कर दी गई हैं.

(12) प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेश का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

भोपाल, दिनांक 14 जून 2018

क्र. एफ-1(ए) 29-2018-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्रीमती निवेदिता नायडू, परि. भापुसे, सहायक पुलिस अधीक्षक/एसएचओ थाना तिलक नगर, इन्दौर को अखिल भारतीय सेवायें (अवकाश) नियम 1955 के नियम 15 सहपठित नियम 21 के अन्तर्गत निहित शर्तों के अध्याधीन दिनांक 14 मई 2018 से 30 अप्रैल 2019 तक, 351 दिवस का असाधारण अवकाश की स्वीकृति इस शर्त के साथ स्वीकृत की जाती है कि असाधारण अवकाश (EOL) के लिए कोई छुट्टी वेतन नहीं दिया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

श्रीदास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 13 जून 2018

फा. क्र. 1-1-88-इक्कीस-ब (एक)-2403-18.—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-1-88-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 24 अक्टूबर 2009 में जो मध्यप्रदेश राज्यपत्र भाग-एक में, दिनांक 6 नवम्बर 2009 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 33 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक और उससे संबंधित

प्रविष्टियां स्थापित की जाएं अर्थात् :—

अनुसूची

अनुक्रमांक	सेशन न्यायाधीश/अपर सेशन न्यायाधीश	स्थानीय क्षेत्र
(1)	(2)	(3)
"33.	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, राजगढ़.	राजगढ़."

F-No.1-1-88-XXI-B(1)-2403-2018.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), the State Government, hereby, makes the following further amendment in this department's Notification F. No. 1-1-88-XXI-B(1), dated 24th October, 2009, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 6th November, 2009, namely :—

AMENDMENT

In the said Notification, in the Schedule, for serial number 33 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

SCHEDULE

S.No.	Sessions Judge/Additional Sessions Judge	Local area
(1)	(2)	(3)
"33.	1st Additional Sessions Judge, Rajgarh.	Rajgarh".

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब-(एक) 2480, 2534-2018.—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-6-89-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 3 अप्रैल, 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग 1 में दिनांक 17 अप्रैल, 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 29, 30, 32, 38, 40 तथा 41 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

अनुसूची

अनुक्रमांक	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम	विशेष न्यायालय	स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड
(1)	(2)	(3)	(4)
"29.	श्री भूपेन्द्र कुमार निगम, सेशन न्यायाधीश, बैतूल.	बैतूल	बैतूल
30.	श्री काशिफ नदीम खान, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, छिन्दवाड़ा.	छिन्दवाड़ा	छिन्दवाड़ा
32.	श्री सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्ययाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, पूर्वी निमाड खण्डवा.	पूर्वी निमाड खण्डवा	पूर्वी निमाड़ खण्डवा

(1)	(2)	(3)	(4)
38.	श्री मसूद अहमद खान, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, रतलाम.	रतलाम	रतलाम
40.	श्री अवनिन्द्र कुमार सिंह, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, सिवनी.	सिवनी	सिवनी
41.	श्री ब्रम्ह शंकर दीक्षित, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शिवपुरी.	शिवपुरी	शिवपुरी
42-क.	श्री जय शंकर श्रीवास्तव, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सिंगरौली (बैढ़न).	सिंगरौली (बैढ़न)	सिंगरौली (बैढ़न)."

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथा विनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F-No. 1-6-89-XXI-B (1) 2480-2534-2018.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendment in this department's Notification No. F. 1-6-89-XXI-B(1) dated 3rd April, 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-1 dated the 17th April, 1998, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the schedule, for serial numbers 29, 30, 32, 38, 40 and 41 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S.No.	Name and designation of the Judge	Special Court	Local area Session Divisions
(1)	(2)	(3)	(4)
"29.	Shri Bhoopendra Kumar Nigam, Sessions Judge, Betul.	Betul	Betul
30.	Shri Kasif Nadeem Khan, 1st Additonal Sessions Judge, Chhindwara.	Chhindwara	Chhindwara
32.	Shri Surendra Kumar Shrivastava, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes, (Prevention of Atrocities) Act, East Nimar Khandwa.	East Nimar Khandwa	East Nimar Khandwa
38.	Shri Masood Ahmad Khan, 1st Additional Sessions Judge, Ratlam.	Ratlam	Ratlam
40.	Shri Avinindra Kumar Singh, Sepcial Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Seoni.	Seoni	Seoni

(1)	(2)	(3)	(4)
41.	Shri Bramha Shankar Dixit, IIIrd Additional Sessions Judge, Shivpuri.	Shivpuri	Shivpuri
42-A	Shri Jai Shankar Shrivastava, 1st Additional Sessions Judge, Singruali (Waidhan).	Singruali (Waidhan)	Singruali (Waidhan)."

This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

फा. क्र.1-2-90-इक्कीस-ब(एक)-2536-2018.—अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 का 33) की धारा 14 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, नीचे सारणी दी गई सारणी के कॉलम (3) में उल्लिखित अपर सेशन न्यायाधीशों को कॉलम (2) में उल्लिखित जिलों के लिए, उक्त अधिनियम के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करता है, अर्थात्:—

सारणी

क्रमांक	जिला	सेशन न्यायालय
(1)	(2)	(3)
"1	अलीराजपुर	श्री राकेश कुमार सिंह (जूनि.), द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, अलीराजपुर
2	अनूपपुर	श्री वारिन्द्र कुमार तिवारी, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, अनूपपुर
3	अशोकनगर	श्री आनंद प्रिय राहुल, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, अशोकनगर
4	बुरहानपुर	श्री नरेन्द्र पटेल, द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, बुरहानपुर
5	सिंगरौली	श्री जय शंकर श्रीवास्तव, प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश, सिंगरौली
6	उमरिया	श्री अरविंद कुमार, तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, उमरिया."

F. No. 1-2-90-XXI-B-(1)-2536-2018.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 14 of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities), Act, 1989 (No. 33 of 1989), the State Government with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby appoints the Additional Sessions Judges mentioned in column (3), as Special Judges for districts mentioned in column (2), of the table given below, to try the offences under the said Act, namely:—

TABLE

S. No.	Districts	Sessions Court
(1)	(2)	(3)
"1	Alirazpur	Shri Rakesh Kumar Singh (Jr.) IInd Additional Sessions Judge, Alirazpur
2	Anuppur	Shri Varindra Kumar Tiwari, IInd Additional Sessions Judge, Anuppur
3	Ashoknagar	Shri Anand Priya Rahul, Ist Additional Sessions Judge, Ashoknagar
4	Burhanpur	Shri Narandra Patel, IInd Additional Sessions Judge, Burhanpur
5	Singrauli	Shri Jai Shankar Shrivastava, Ist Additional Sessions Judge, Singrauli
6	Umaria	Shri Arvind Kumar, IIIrd Additional Sessions Judge, Umaria."

फा. क्र. 17(ई)8-2012-इक्कीस-ब-(एक)-2537-2018.—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) की धारा 3 की उपधारा (1) के साथ पठित मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 (क्रमांक 8 सन् 2012) की धारा 3 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 17(ई)8

2012-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 2 मार्च 2012 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 02 मार्च 2012 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में अनुक्रमांक 4 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं अर्थात् :—

अनुसूची

अनुक्रमांक	न्यायाधीश का नाम	मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 की धारा 3 (1) के अधीन गठित विशेष न्यायालय का नाम	मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	श्री राजाराम बडोदिया, बारहवें अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश विशेष न्यायालय क्रमांक 2, जबलपुर.	विशेष न्यायालय क्रमांक 2, जबलपुर	जबलपुर."

F. No. 17(E)8-2012-XXI-B (1)2537-2018.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 3 of the Madhya Pradesh Vishesh Nyayalaya Adhiniyam, 2011 (No. 8 of 2012) read with sub-section (1) of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), the State Government with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendments in this department's Notification No. F. No.17(E)8-2012-XXI-B(One), dated 2nd March 2012, which was published in the Madhya Pradesh Gazette (Extra-ordinary), dated 2nd March 2012, namely :—

AMENDMENT

In the said Notification, for serial number 4 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto, shall be substituted namely :—

SCHEDULE

S. No.	Name of Judge	Name of special Court constituted u/s 3 (1) of the Madhya Pradesh Vishesh Nyayalaya Adhiniyam 2011	Head quarter
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	Shri Rajaram Badodiya, XII[th] Additional Sessions Judge Special Court No. 2, Jabalpur.	Special Court No. 2, Jabalpur	Jabalpur."

भोपाल, दिनांक 14 जून 2018

फा. क्र. 17-(ई)-44-2013-इक्कीस-ब-(एक)-2535-18.—राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक ब(1) 3476-2013, दिनांक 11 सितम्बर, 2013 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-एक में दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 40, तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियाँ स्थापित की जाए, अर्थात् :—

सारणी

क्रमांक	जिले का नाम	विशेष न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)
"40.	सिंगरौली (बैढ़न)	श्री जयशंकर श्रीवास्तव, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सिंगरौली (बैढ़न)."

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 17(E)-44-2013-XXI-B (One) 2535-2018.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of the National Investigation Agency Act, 2008 (34 of 2008), the State Government in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendments in this department's Notification F-No. B(1) 3476-2013, dated 11th September, 2013, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 20th September, 2013, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the Table, for serial number 40 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No.	Name of the District	Name and Designation of the Judge
(1)	(2)	(3)
"40.	Singrauli (Waidhan)	Shri Jai Shankar Shrivastava, Ist Additional Sessions Judge, (Waidhan) Singrauli."

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

फा. क्र. 17(ई)25-2018-इक्कीस-ब(एक)-2570-2018.—भारतीय मानक ब्यूरों अधिनियम, 2016 (2016 का संख्यांक 11) की धारा 32 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को तथा इस निमित्त उसकी सामर्थ्यकारी समस्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश शासन, एतद्द्वारा राज्य के समस्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारियों को उक्त उपधारा (2) के प्रयोजन के लिए विशेष रूप से सशक्त करती है.

F. No. 17(E)-25-2018-XXI-B (One) 2570-2018.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 32 of the Bureau of Indian Standards Ac, 2016 (No. 11 of 2016) and of all other powers enabling it in this behalf, the Government of Madhya Pradesh, hereby, specially empowers all Chief Judicial Magistrates in the State for the purpose of the said sub-section (2).

भोपाल, दिनांक 15 जून 2018

फा. क्र. 17(ई)43-2009-इक्कीस-ब(एक)-2477-2018.—ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 (क्रमांक 4 सन् 2009) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)43-2009-2251-इक्कीस-ब(एक)13, दिनांक 10 मई 2013 जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1 में दिनांक 24 मई 2013 को प्रकाशित की गई थी, में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 43 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनु.-क्रमांक	न्यायाधिकारी का नाम	पदस्थापना का स्थल	सिविल जिले का नाम	मध्यवर्ती स्तर की पंचायत के लिये ग्राम न्यायालय का नाम	ग्राम न्यायालय के मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"43.	श्री चौधर सिंह सैयाम, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग 1, मण्डला.	मण्डला	मण्डला	मण्डला	मण्डला

F. No. 17(E)43-2009-XXI-B(1)-2477-2018.—In exercise of the powers conferred by Section 5 of the Gram Nyayalayas Act, 2008 (No. 4 of 2009), the State Government, in Consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendment in this Department's Notification F. No. 17(E)43-2009-2251-XXI-B(I)-13, dated 10th May 2013 which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-I, dated 24th May 2013, namely :—

AMENDMENT

In the said Notification, in the Table, for serial number 43 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No.	Name of Nyayadhikari	Place of Posting	Name of Civil District	Name of Gram Nyayalaya for Panchayat at Intermediate level	Name of Headquarter of Gram Nyayalaya
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"43.	Shri Chaudhar Singh Shaiyam, IInd Civil Judge, Class-I. Mandla.	Mandla	Mandla	Mandla	Mandla

फा. क्र. 3 (बी)-2016-इक्कीस-ब(एक)-2752.—मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा 2016 की चयन सूची दिनांक 29 अगस्त 2017 में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर चयनित अभ्यर्थी श्री मुकेश कुमार वर्मा पिता श्री जीवनलाल चौधरी (मेरिट क्र. 67) को नियुक्ति के लिये अपात्र पाए जाने के कारण, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री मुकेश कुमार वर्मा पिता श्री जीवनलाल चौधरी का नाम चयनित सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) की मुख्य चयन सूची के मेरिट क्र. 67 से विलोपित कर उनका चयन का अधिकार समाप्त करते है.

भोपाल, दिनांक 18 जून 2018

फा. क्र. 2335-इक्कीस-ब(दो).—श्री संजय द्विवेदी, उप महाधिवक्ता, जबलपुर को आदेश दिनांक 31 जुलाई 2017 द्वारा राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया था. श्री संजय द्विवेदी, उप महाधिवक्ता, जबलपुर का उक्त पद से त्याग-पत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाता है.

फा. क्र. 3(ए) 2017-इक्कीस-ब (एक) 2587.—(मेरिट क्र. 44), राज्य शासन श्री आशीष कुमार शुक्ला पिता स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 (यथासंशोधित) के नियम-5(1) (ग) के प्रावधान के अनुसार अधिवक्ताओं में से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद पर अस्थायी रूप से, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर. जिसका वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

यह आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 8517-2018 में दिये गये आदेश दिनांक 18 अप्रैल 2018 के पालन में इस रिट याचिका में पारित किये जाने वाले अंतिम निर्णय/आदेश के अध्याधीन रहेगा.

अभ्यर्थी का गृह जिला कानपुर, उत्तरप्रदेश है. उसकी जन्मतिथि 19 जुलाई 1972 है.

फा. क्र. 3(ए) 2017-इक्कीस-ब (एक) 2590.—(मेरिट क्र. 27), राज्य शासन श्री प्रवीण हजारे पिता श्री बालकृष्ण हजारे को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 (यथासंशोधित) के नियम-5(1) (ग) के प्रावधान के अनुसार अधिवक्ताओं में से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद पर अस्थायी रूप से, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर, जिसका वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

यह आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 8517-2018 में दिये गये आदेश दिनांक 18 अप्रैल 2018 के पालन में इस रिट याचिका में पारित किये जाने वाले अंतिम निर्णय/आदेश के अध्याधीन रहेगा.

अभ्यर्थी का गृह जिला बैतूल, मध्यप्रदेश है. उसकी जन्मतिथि 01 जुलाई 1980 है.

फा. क्र. 3(ए) 2819-इक्कीस-ब (एक)-2.—(मेरिट क्र. 54), राज्य शासन श्री देवेन्द्र कुमरा कुण्डू पिता स्व. श्री मेहर सिंह कुण्डू को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 (यथासंशोधित) के नियम-5(1) (ग) के प्रावधान के अनुसार अधिवक्ताओं में से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद पर अस्थायी रूप से, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर, जिसका वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

यह आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 8517-2018 में दिये गये आदेश दिनांक 18 अप्रैल 2018 के पालन में इस रिट याचिका में पारित किये जाने वाले अंतिम निर्णय/आदेश के अध्याधीन रहेगा.

अभ्यर्थी का गृह जिला रोहतक, हरियाणा है. उसकी जन्मतिथि 24 दिसम्बर 1969 है.

भोपाल, दिनांक 19 जून 2018

फा. क्र. 2848-2018-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री मनोज कुमार, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश को तत्समय प्रवृत्त मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायकि सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1994 के नियम-9(सी) के अन्तर्गत सेवा से पृथक् (Terminate) किये जाने संबंधी इस विभाग का आदेश क्रमांक 3406-2017-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 7 सितम्बर 2017 तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए श्री मनोज कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 के पद पर पुर्नस्थापित करता है.

श्री मनोज कुमार, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर के न्यायालय के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश को सेवा से पृथक् किये जाने के दिनांक से पुन: कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक तक वेतन के अतिरिक्त अन्य सभी लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी.

फा. क्र. 2849-2018-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री अशरफ अली, प्रथम अपर जिला एवं न्यायाधीश, जबलपुर के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश को तत्समय प्रवृत्त मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1994 के नियम-9(सी) के अन्तर्गत सेवा से पृथक् (Terminate) किये जाने संबंधी इस विभाग का आदेश क्रमांक 3538-2017-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 7 सितम्बर 2017 तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए श्री अशरफ अली, प्रथम अपर जिला एवं न्यायाधीश, जबलपुर के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 के पद पर पुर्नस्थापित करता है.

श्री अशरफ अली, प्रथम अपर जिला एवं न्यायाधीश, जबलपुर के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश को सेवा से पृथक् किये जाने के दिनांक से पुन: कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक तक वेतन के अतिरिक्त अन्य सभी लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2018

फा. क्र. 3(ए) 2017-इक्कीस-ब (एक)-2725.—(मेरिट क्र. 52), राज्य शासन श्री रमेश रंजन चौबे पिता पारस नाथ चौबे को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 (यथासंशोधित) के नियम-5(1) (ग) के प्रावधान के अनुसार अधिवक्ताओं में से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद पर अस्थायी रूप से, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर, जिसका वेतनमान रुपये 51550-1230-58930-1380-63070 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

यह आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 8517-2018 में दिये गये आदेश दिनांक 18 अप्रैल 2018 के पालन में इस रिट याचिका में पारित किये जाने वाले अंतिम निर्णय/आदेश के अध्याधीन रहेगा.

अभ्यर्थी का गृह जिला बक्सर, बिहार है. उसकी जन्मतिथि 31 जनवरी 1971 है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 15th June 2018

CORRIGENDUM

F. No. 2232-XXI-B(II)-2018.—In the order No. 1918-XXI-B(II)-2018, dated 14th May 2018, issued by this department, regarding appointment of Standing Counsel for the State of Madhya Pradesh in the Supreme Court of India, New Delhi, instead of "Shri Rajesh Shrivastava" read "Shri Rajesh Srivastava".

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
GOPAL SHRIVASTAVA, Secy.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 जून 2018

क्रमांक आर-248-2018-बाईस-वि. 4.—राज्य शासन, एतद्द्वारा निर्णय लिया गया कि स्व-सहायता समूह संवर्धन नीति 2007, दिनांक 1 नवम्बर 2007 से लागू नीति में संशोधन हेतु कंडिका 4 की उपकंडिका 4.1.4 के वर्तमान प्रावधान को विलोपित करते हुए निम्नानुसार नवीन प्रावधान प्रतिस्थापित किया जाता है:—

4.1.4 : समूह/फेडरेशन के बिजनेस प्लान के आधार पर अधिकतम रु. 50.00 लाख तक की राशि शासन द्वारा एकमुश्त समूह/फेडरेशन को दी जा सकेगी. समूह/फेडरेशन द्वारा इस राशि को एफ.डी.आर. के रूप में अपने बैंक खाते में रखना होगा. इस राशि के विरुद्ध प्राप्त साख सीमा का उपयोग कार्यशील पूंजी हेतु किया जा सकेगा. बैंक में जमा की जाने वाली मार्जिन मनी का 5 प्रतिशत परिसंघ द्वारा अपने योगदान से जमा किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इकबाल सिंह बैस, अपर मुख्य सचिव.

नर्मदा घाटी विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 जून 2018

क्र. एफ-31-06-2018-सत्ताईस-एक.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम, 1999 (क्रमांक 23 सन् 1999) की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, नीचे दी गई सारणी के कॉलम (5) में यथाविनिर्दिष्ट षक संगठनों के लिए उक्त सारणी के कॉलम (3) तथा कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट कार्य क्षेत्र अधिसूचित करता है, अर्थात्:—

स. क्र.	सिंचाई प्रणाली का नाम	कार्य का कमाण्ड क्षेत्र		
		ग्रामों की संख्या	विस्तार क्षेत्र (हेक्टेयर में)	कृषक संगठनों की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	कठोरा उद्‌वहन सिंचाई योजना का वितरण कक्ष क्रमांक-1.	5	1750	01
2	कठोरा उद्‌वहन सिंचाई योजना का वितरण कक्ष क्रमांक-2.	6	1795	01
3	कठोरा उद्‌वहन सिंचाई योजना का वितरण कक्ष क्रमांक-3.	9	1785	01
4	कठोरा उद्‌वहन सिंचाई योजना का वितरण कक्ष क्रमांक-4.	6	1615	01

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रतिभा ढोरे, उपसचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 जून 2018

क्र. एफ-25-34-2018-दस-3.—चूंकि राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 दिनांक 12 जनवरी 2007 में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 7196-4036-06-दस-3, दिनांक 29 दिसम्बर 2006 द्वारा भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था;

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके हैं और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन घोषित करती है. यह भूमि मध्यप्रदेश राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से आरक्षित वन मानी जायेगी. यह यह वनखण्ड 21°43'56.963" से 21°44'36.246" उत्तर अक्षांश तथा 75°35'57.700" से 75°36'7.890" पूर्व देशांश के बीच स्थित है:—

अनुसूची

जिला—खरगोन, तहसील—गोगांवा, वनमण्डल—खरगोन, वनपरिक्षेत्र—खरगोन

क्र.	आरक्षित वनखण्ड	पटवारी हल्का क्रमांक/ वन परिसर	ग्राम/संरक्षित वनखण्ड	खसरा क्र./ संरक्षित वन कक्ष क्रमांक	यदि राजस्व भूमि है तो उसका मद	यदि संरक्षित वन है तो उसका अधिसूचना का क्रमांक और दिनांक तथा राजपत्र प्रकाशन का दिनांक	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	अतरली	28/खरगोन	अतरली/ अतरली	2, P-1191	निस्तार/ चिरनोई	डी-7196-4036 -06-दस-3 दिनांक 29-12-07 प्रकाशन दिनांक 17-1-07	10.818	**उत्तर**—मुनारा क्रमांक 1 से 2 तक, राजस्व ग्राम रसूलपुरा की दक्षिणी सीमा. **पूर्व**—मुनारा क्रमांक 2 से 10 खरगोन उमरखली मार्ग. **दक्षिण**—मुनारा क्रमांक 10 से 12 निजी भूमि. **पश्चिम**—मुनारा क्रमांक 12 से 1 तक, कुंदा नदी की प्राकृतिक सीमा.
						योग . .	10.818	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कैप्टन अनिल कुमार खरे, सचिव.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2018

क्र. एफ-25-34-2018-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-34-2018-दस-3, दिनांक 20 जून 2018 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कैप्टन अनिल कुमार खरे, सचिव.

Bhopal, the 20th June 2018

No. F-25-34-2018-X-3.—WHEREAS, by this department Notification No. 7196-4036-06-X-3, dated 29th December 2006 publihsed in the Madhya Pradesh Gazette dated 12th Junuary 2007 the State Government, under Section 4 of the Indian Fores Act, 1927 (No. XVI of 1927), had declared its intention to constitute the land specified in the schedule below as Reserved forest;

AND WHEREAS, all claims related to the same have been settled by the Forest Settlement Officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a Reserved Forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette. This Forest Block lies between 21°43'56.963" to 21°44'36.246" North Latitude and 75°35'57.700" to 75°36'7.890" East longitude :—

SCHEDULE

District—Khargone, Tehsil—Gongawa, Forest Division—Khargone (T) Forest Range—Khargone

S. No.	RF Block	Patwari Halka No./ Forest Beat	Village /PF Block	Khasra No./PF Compart-ment	If Revenue Land then Head of the Land	If Protected Forest then its Notification Number and date with gazette publication Date	Area (hectare)	Limits
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Atarli	28/ Khargone	Atarli/ Atarli	2,P-1191	Nistar Charnoi	D-7196-4036-06 X-3 Date 29-12-06 Published Date 12-1-07	10.818	**North**—Pillar No. 1 to 2 Southern boundary of Revenue Village Rasulpura. **East**—Pillar No. 2 to 10 Khargone Umarkhali Road. **South**—Pillar No.10 to 12 Private Land. **West**—Pillar No.12 to 1, Natural boundary line of Kunda River.
						Total . .	10.818	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh.
CAPTAIN ANIL KUMAR KHARE, Secy.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2018

क्र. एफ-25-35-2018-दस-3.—चूंकि, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश भाग-1 दिनांक 12 जनवरी 2007 में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 7172-4578-06-दस-3, दिनांक 29 दिसम्बर 2006 द्वारा भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था;

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके है और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार , एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन घोषित करती है. यह भूमि मध्यप्रदेश राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से आरक्षित वन मानी जायेगी. यह वनखण्ड 21°46'28,371" से 21°46'50.321" उत्तर अक्षांश तथा 75°41'39.082" से 75°42'13.993" पूर्व देशांश के बीच स्थित है:—

अनुसूची

जिला—खरगोन, तहसील—गोगांवा, वनमण्डल—खरगोन, वनपरिक्षेत्र—खरगोन

क्र.	आरक्षित वनखण्ड	पटवारी हल्का क्रमांक/ वन परिसर	ग्राम/संरक्षित वनखण्ड	खसरा क्र./ संरक्षित वन कक्ष क्रमांक	यदि राजस्व भूमि है तो उसका मद	यदि संरक्षित वन है तो उसका अधिसूचना का क्रमांक और दिनांक तथा राजपत्र प्रकाशन का दिनांक	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	नागझिरी	33/घट्टी	नागझिरी/ नागझिरी	770 771 774 775, पी-1192	नि. च.	डी-7172-4578 -06-दस-3 दिनांक 29-12-06 प्रकाशन दिनांक 12-1-07	14.759 8.510 2.873 1.335	**उत्तर**—मुनारा क्रमांक 1 से 8 तक, ग्राम ग्यासपुरा की सीमा. **पूर्व**—मुनारा क्रमांक 8 से 16 तक खसरा क्र. 776, 779/4 एवं 772 की सीमा. **दक्षिण**—मुनारा क्रमांक 16 से 22 तक ग्राम बलगांव की सीमा. **पश्चिम**—मुनारा क्रमांक 22 से 26 एवं 1 तक खसरा क्र. 768 की सीमा.
						योग . .	27.477	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कैप्टन अनिल कुमार खरे, सचिव.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2018

क्र. एफ-25-35-2018-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-35-2018-दस-3, दिनांक 20 जून 2018 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कैप्टन अनिल कुमार खरे, सचिव.

Bhopal, the 20th June 2018

No. F-25-35-2018-X-3.—WHEREAS, by this department Notification No. 7172-4578-06-X-3, dated 29th December 2006 publised in the Madhya Pradesh Gazette dated 12th Junuary 2007, the State Government, under section 4 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), had declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as Reserved forest ;

AND, WHEREAS, all claims related to the same have been settled by the Forest Settlement Officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

NOW THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a Reserved Forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette. This Forest Block lies between 21°46'28.371" to 21°46'50.321" North latitude and 75°41'39.082" to 75°42'13.993" East longitude :—

SCHEDULE

District—Khargone, Tehsil—Gongawa, Forest Division—Khargone (T) Forest Range—Khargone

S. No.	RF Block	Patwari Halka No./ Forest Beat	Village/ PF Block	Khasra No./PF Compart-ment	If Revenue Land then Head of the Land	If Protected Forest then its Notification Number and date with gazette publication Date	Area (hectare)	Limits
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Nagziri	33/ Ghatti	Nagziri/ Nagziri	770 771 774 775 P-1192	Nistar Charnoi	D-7172-4575-06 X-3 date 29-12-06 published date 12-1-07	14.759 8.510 2.873 1.335	**North**—Pillar No. 1 to 8 boundary of Village Gyaspura. **East**—Pillar No. 8 to 16 boundaries of Kh.No. 776, 779/4 and 772. **South**—Pillar No.16 to 22 boundaries of Village Balgaon. **West**—Pillar No. 22 to 26 and 1, boundary of Kh. No. 768.
						Total . .	27.477	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh.
CAPT. ANIL KUMAR KHARE, Secy.

भोपाल, दिनांक 18 जून 2018

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री आसिफ हसन को जिला भोपाल के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री व्ही. के. मिश्रा, को जिला सागर के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री सुहास गंधे को जिला ग्वालियर के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, डॉ. राकेश विजयवर्गीय को जिला इन्दौर के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री अनुराज सिंह यादव को जिला पन्ना के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री सचिन कुमार शर्मा, को जिला खरगौन के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री आसिफ हसन को जिला भोपाल के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री सचिन कुमार शर्मा, को जिला खरगौन के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री सुहास गंधे को जिला ग्वालियर के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, डॉ. राकेश विजयवर्गीय को जिला इन्दौर के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री अनुराज सिंह यादव को जिला पन्ना के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

क्र. एफ-15-44-2005-दस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 यथा संशोधित 2002 की धारा-4 (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए, श्री व्ही. के. मिश्रा, को जिला सागर के लिये जिला मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षण के रूप में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दो वर्ष के लिये नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय मोहरीर, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

प्लाट नं. 76, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 जून 2018

क्र. 301-001-2004.—मध्यप्रदेश उपभोक्ता संरक्षण नियम, 1987 के नियम 3 (7) में वैष्ठित शक्तियों के अधीन मुख्य जिला फोरमों के अध्यक्षों को वर्तमान प्रभार के अतिरिक्त अन्य जिला उपभोक्ता फोरमों के अध्यक्षों के रूप में नियुक्त किये जाने संबंधी इस कार्यालय द्वारा जारी पूर्व आदेशों में परिवर्तन करते हुए नीचे सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट जिला फोरमों के अध्यक्षों को उनके वर्तमान प्रभार के अतिरिक्त निम्न सारिणी के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट जिला फोरमों का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा जाता है, यह व्यवस्था आगामी आदेश तक लागू रहेगी:—

क्र. (1)	मुख्य जिला फोरम (2)	संबद्ध जिला फोरम (3)
1	भोपाल क्रमांक-1	भोपाल क्रमांक-2 एवं सीहोर
2	इन्दौर क्रमांक-1	इन्दौर क्रमांक-2
3	ग्वालियर	भिण्ड, मुरैना
4	जबलपुर क्रमांक-1	जबलपुर, क्रमांक-2, मण्डला एवं डिण्डोरी
5	रीवा	सीधी, शहडोल, अनूपपुर एवं उमिरया
6	उज्जैन	देवास, मंदसौर एवं नीमच
7	सागर	विदिशा, रायसेन एवं दमोह
8	छिन्दवाड़ा	सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर एवं बैतूल
9	गुना	राजगढ़, अशोक नगर एवं शाजापुर
10	धार	बड़वानी, झाबुआ एवं रतलाम
11	सतना	पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ एवं कटनी
12	खण्डवा	बुरहानपुर, हरदा, मण्डलेश्वर एवं होशंगाबाद

2. जिला उपभोक्ता फोरम, शिवपुरी में वर्तमान में अध्यक्ष का पद रिक्त है. अत: शिवपुरी, श्योपुर एवं दतिया में वर्तमान में लागू व्यवस्था यथावत रहेगी.

